पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

छात्र-अवस्था जीवन समृद्ध करने का अवसर होता है - राज्यपाल

लखनऊ: 04 फरवरी, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज एल्डिको-1 स्थित पायनियर मान्टेसरी इण्टर कालेज के नवनिर्मित 'पायनियर' प्रेक्षागृह का उद्घाटन किया तथा यू0पी0 बोर्ड-2014 परीक्षा में हाईस्कूल व इण्टर की श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले कालेज के छात्र-छात्राओं को लैपटाप देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कालेज के संस्थापक-प्रबंधक प्रो0 पूरन सिंह, डाॅ0 योगेश प्रवीण, भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबंधक श्री कर्नम शेखर सहित अन्य विशिष्टजन उपस्थित थे।

राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि छात्र-अवस्था जीवन समृद्ध करने का अवसर होता है। छात्रों का धर्म शिक्षा ग्रहण करना होता है, उसका पालन करें तथा देश के उत्तम नागरिक बनने का प्रयास करें। कण-कण बचा कर धन एकत्र होता है और क्षण-क्षण बचाकर विद्या प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि छात्र अपने समय का सुदपयोग करें।

श्री नाईक ने कहा कि छात्र केवल किताबी कीड़ा न बने बल्कि क्रीड़ा के क्षेत्र में भी अनुभव प्राप्त करें। आज के युग में ज्ञानार्जन के लिए विद्यालयों में अच्छी सुविधा भी प्रदान की जाती है जो पूर्व के छात्रों को नहीं प्राप्त थी। छात्र इन सुविधाओं का लाभ उठाकर अच्छी शिक्षा ग्रहण करें। पढ़ाई के साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अच्छे स्वास्थ से व्यक्तित्व में भी सुधार आता है।

राज्यपाल ने बच्चों को व्यक्तित्व सुधार के चार सूत्र भी बताये कि सदैव मुस्कुराते हुए चुनौतियों का सामना करें। किसी की अवमानना न करें। दूसरे के गुण ग्रहण करें तथा दूसरों के अच्छे गुणों की प्रशंसा भी करें और हर काम को और बेहतर तरीके से करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कालेज के लिये यह सुखद संयोग की बात है कि संस्था की स्वर्ण जयन्ती के साथ आज नये पे्रक्षागृह का उद्घाटन भी हुआ है।

इस अवसर पर एस0बी0आई0 के महाप्रबंधक, श्री कर्नम शेखर ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में विद्यालय जैसे संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बच्चों का आह्वान किया कि पढ़ाई में कड़ी मेहनत करें और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में सहयोग करें।

कार्यक्रम में राज्यपाल ने हाईस्कूल की अंशुल पटेल, सविता कुमार व प्रदीप कमल को तथा इण्टर के अभय पाण्डेय व दिव्या सिंह को लैपटाप देकर सम्मानित किया तथा कालेज की पत्रिका का विमोचन भी किया। कालेज की ओर से राज्यपाल को अंगवस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

श्री राम नाईक
माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
के पावन कर-कमलों द्वारा
आज दिनाँक 4 फरवरी 2015 (बुधवार)
को
डा. दिनेश शर्मा,
एवं
श्री कर्नम शेखर,
की उपस्थिति में
"पायनियर प्रेक्षागृह"
का उद्घाटन किया गया।
संस्थापक प्रबन्धक
पूरन सिंह

PIONEER MONTESSORI SCHOOL
PIONEER MONTESSORI SCHOOL
Inauguration
of
PIONEER AUDITORIUM
Welcome

PIONEER MONTESSORI SCHOOL
Inauguration
of
PIONEER AUDITORIUM
Welcome
PIONEER MONTESSORI SCHOOL
Inauguration
of
PIONEER AUDITORIUM
Welcome